बुधवार 22 जून 2022

आप की क्रांति

www.aapkikranti.com | @aapkikrantinews

पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने आईटीओ से तिलक ब्रिज तक की सड़क का किया औचक निरीक्षण

सड़क के रखरखाव में खामी पाने पर संबंधित अधिकारी को लगाई फटकार

दिल्ली के लोगों को साफ़, सुंदर व यूजर फ्रेंडली सड़क देना हमारी जिम्मेदारी, इसके रखरखाव में कोई भी ढिलाई नहीं की जाएगी बर्दाश्त, कोताही बरतने पर नपेंगे संबंधित अधिकारी- पीडब्ल्यूडी मनीष सिसोदिया

सड़कों के रखरखाव के छोटी से छोटी डिटेल्स का ध्यान रखते हुए निर्धारित मानकों का प्रतिबद्धता से हो पालन : पीडब्ल्यूडी मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली. आप की क्रांति

केजरीवाल सरकार दिल्ली की सड़कों को बेहतर और यूजर फ्रेंडली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में बुधवार को उपमुख्यमंत्री व पीडब्ल्यूडी मंत्री मनीष सिसोदिया ने पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारियों के साथ आईटीओ से लेकर तिलक ब्रिज तक के सड़क का औचक निरीक्षण किया और सड़कों के रखरखाव, फूटओवर ब्रिज, रोड मार्किंग आदि का ध्यान न रखने को लेकर संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई तथा सभी कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वे अपना काम जिम्मेदारी से करें। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां की सड़कों को और यूजर फ्रेंडली बनाने और और इनके सौंदर्यीकरण से संबंधित प्लान सप्ताह भर के भीतर तैयार करें। अपने विजिट के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने वहां मौजूद छोटी से छोटी डिटेल्स का निरीक्षण किया और पाया कि रोड पर मार्किंग या तो गायब है या उनकी प्लेसमेंट ठीक नहीं है। साथ ही कुछ स्थानों पर पैचवर्क के बाद वहां रोड मार्किंग नहीं की गई है। तिलक ब्रिज के पास बने स्काईवाक के 1 लिफ्ट में खामी, फूटओवर ब्रिज की साफ सफाई में कमी पाई गई। इन सबको लेकर उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी की इन व्यवस्थाओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार का लचर रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगो उन्होंने कहा कि न केवल आईटीओ बल्कि दिल्ली के किसी भी हिस्से में सड़कों के रखरखाव में ऐसी कोताही बरती गई तो वहां संबंधित लोगों पर सख्त करवाई की जाएगी। सिसोदिया ने कहा कि हमारा उद्देश्य दिल्ली की सड़कों को शानदार बनाना और लोगों को सड़कों पर चलने का बेहतर अनुभव देना है। ऐसे में इनके रखरखाव में कोई भी कोताही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों को जनता के लिए साफ, सुंदर व सुरक्षित बनाना हमारी जिम्मेदारी है और जबाबदेही है। इसलिए इनके निर्माण व रखरखाव के लिए जो भी मानक निर्धारित किए गए है उसका अच्छे से पालन हो और साथ ही सभी बुनियादी बातों का भी ध्यान रखा जाए। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को रोड स्ट्रेच पर मौजूद सभी खामियों को दूर करने, स्टैण्डर्ड का ध्यान रखते हुए रोड मार्किंग डिजाइन तैयार करने व रखरखाव से संबंधित प्लान तैयार कर उसे सप्ताह भर के भीतर सौंपने के आदेश दिए उल्लेखनीय है किइस बाबत आने वाले दिनों में दिल्ली के सड़कों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार सभी जेई स्तर के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जा सकती है जिसमें उन्हें सड़कों के रखरखाव से संबंधित जरुरी निर्देश दिए जाएंगे।